# ज्ञान दर्शन

समाचार बुलेटिन

जनवरी, 2017 से अप्रैल, 2017 तक
(केवल ज्ञान परिवार में वितरण के लिए)



## ज्ञान महाविद्यालय

आगरा रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.)

E-mail: gyanmv@gmail.com
Mobile: +91 9219419405
Website: www.gyanmahavidhyalaya.com

Gyan Parivar


## 1. इग्नू (IGNOU) की इंडक्शन मीटिंग का आयोजन :

20 फरवरी, 2017 को हमारे महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भानु प्रताप सिंह ने महाविद्यालय स्थित इग्नू के विशेष अध्ययन केन्द्र में सी. आई. जी., सी. टी. ई., बी. पी. पी., सी. आर. डी. तथा सी. ई. एस. कार्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थी, केन्द्र के समन्वयक तथा काउंसलर्स के साथ इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया।

डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि इग्नू केन्द्रीय मुक्त विश्वविद्यालय है तथा नामांकन की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। जेल, विश्वविद्यालय तथा विभिन्न कालिजों में इग्नू के अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की गयी है। इग्नू इच्छुक सभी व्यक्तियों को दूरस्थ शिक्षा से उच्च शिक्षा देने हेतु प्रयासरत है। उन्होंने विद्यार्थियों को दी गई पाठ्य सामग्री समझकर पढ़ने तथा असाइनमेंट लिखने के तरीके बताये और स्पष्ट किया कि इग्नू द्वारा आयोजित परीक्षाएँ नकल विहीन होती हैं। सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्री सतेन्द्र सिंह कुशवाहा ने कहा कि इग्नू के केन्द्र 50 से अधिक देशों में हैं। उन्होंने आगे कहा कि असाइनमेंट बहुत ही आवश्यक कम्पोनेन्ट है। इग्नू द्वारा विद्यार्थियों को दिये गये परिचय कार्ड में यदि कोई त्रुटि हो तो विद्यार्थी ज्ञान महाविद्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं ताकि वह गलती सुधारी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इग्नू ने अपने ''रीचिंग टू अनरीच्ड'' कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी अध्ययन केन्द्रों की स्थापना की है। कार्यक्रम विशेष की परीक्षा इग्नू के सभी केन्द्रों पर एक साथ होती है। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिये। इस अवसर पर इग्नू के कार्यक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली ज्ञान महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. (श्रीमती) बीना अग्रवाल, थी डौट्स गर्ल्स कालेज की कुमकुम शर्मा व स्पर्शिका चौहान, पं. श्रीचन्द महाविद्यालय की माधुरी तथा हरे कृष्ण कालेज भाँकरी की इन्दु को क्षेत्रीय

## अनुक्रम


**1. इग्नू (IGNOU) की इंडक्शन मीटिंग का आयोजन** 1

**2. विभागीय गतिविधियाँ**
- विद्यार्थियों को दंगल फिल्म दिखवाई गयी 2
- मकर संक्रांति व लोहड़ी के उपलक्ष्य में पतंग प्रतियोगिताएँ आयोजित 2
- ऊर्जा संरक्षण पर निबंध, स्लोगन व क्विज प्रतियोगिताएँ आयोजित 2
- हैण्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3
- ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में इंटेक माई सिटी माई हैरिटेज प्रतियोगिता 3
- अनुसूचित जाति श्रमिक कार्यक्रम में सहभागिता 3
- बी.एड. के विद्यार्थियों हेतु पाँच दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर 4
- ज्ञान आई.टी.आई. में पी.एम.के.वी.वाई. के विद्यार्थियों को दाना-पानी पात्र बाँटे 5

**3. अतिथि व्याख्यान**
- बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान 6

**4. विभिन्न त्यौहार, दिवस, उत्सव व जयन्ती का आयोजन**
- सहभोज कार्यक्रम 6
- गणतन्त्र दिवस समारोह 6
- बसंत पंचमी उत्सव 7
- वार्षिकोत्सव 7
- 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का महाविद्यालय की छात्राओं ने आगरा में दिया संदेश 8
- शहीद मंगल पाण्डे को श्रद्धांजलि 9
- परशुराम जयंती 9

**5. एन.एस.एस. एवं सामाजिक सरोकार समिति संबंधी कार्यक्रम**
- एन.एस.एस. का सात दिवसीय विशेष शिविर 9
- मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम 11
- विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई 11
- एन.एस.एस. का एक दिवसीय चतुर्थ शिविर का आयोजन 11
- एन.एस.एस. के स्वेच्छासेवियों ने 'परवरिश परिंदों की' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया 12


ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम, समारोह तथा उत्सव के श्रीगणेश हेतु विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष आमंत्रित अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित किये जाते हैं। अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिह्न देकर उनको यथोचित सम्मान प्रदान करने की भी परम्परा है।

ज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रबन्ध समिति की अध्यक्षा, चेयरमेन, अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य, डॉ० गौतम गोयल, श्रीमती रितिका गोयल, प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य, उप प्राचार्य, मुख्य अनुशासन अधिकारी, सभी संकायों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति यथा सम्भव और आवश्यकतानुसार सम्मिलित होते हैं। मीडिया संबंधी कार्यों का निर्वहन डॉ० ललित उपाध्याय द्वारा किया जाता है। कार्यक्रमों का प्रबन्धन श्री मनोज यादव के निर्देशन तथा प्राचार्य एवं उप प्राचार्य के पर्यवेक्षण में किया जाता है।



Scanned by CamScanner

निदेशक व ज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रतीक चिह्न एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संयोजन विशेष अध्ययन केन्द्र के समन्वयक श्री आर.के. शर्मा ने किया। अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने क्षेत्रीय निदेशक तथा सहायक क्षेत्रीय निदेशक का आभार व्यक्त किया।

## 2. विभागीय गतिविधियाँ

☛ **विद्यार्थियों को दंगल फिल्म दिखवाई गयी :–** 05 जनवरी, 2017 को हमारे महाविद्यालय के



विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों को स्थानीय अप्सरा सिनेमा घर में दंगल फिल्म दिखवाई गयी। यह फिल्म कामन वेल्थ गेम 2010 में महिला कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला पहलवान गीता फोगाट के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म से यह प्रेरणा मिलती है कि सतत् प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है तथा अच्छे उद्देश्य हेतु किये गये प्रयास में परिजन तथा गुरूजनों का सहयोग आवश्यक है। इस फिल्म के दर्शकों में हमारे महाविद्यालय के सभी संकायों के 525 विद्यार्थी तथा प्राध्यापक आदि सम्मिलित थे। इस दर्शक टीम का नेतृत्व प्राचार्य जी ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

☛ **मकर संक्रांति व लोहड़ी के उपलक्ष्य में पतंग प्रतियोगिता का आयोजन :–** 13 जनवरी, 2017 को महाविद्यालय के खेल प्रांगण में पतंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रबंधक श्री मनोज यादव तथा प्राचार्य डॉ. वाई.के.



गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बी.टी.सी. के छात्र सोमिल वार्ष्णेय, बी.एस–सी. के छात्र मधुर गुप्ता तथा बी.कॉम. के छात्र गौरव वार्ष्णेय इस प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से विजयी रहे।

इसी अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्धन ने स्थानीय मदर टेरेसा अनाथालय में रह रहे बच्चों के लिए अनेक बोरी कच्चे दाल–चावल अनाथालय भिजवाये गए। महाविद्यालय की सामाजिक सरोकार समिति के सदस्य तथा अन्य अनेक प्राध्यापकों ने अनाथालय जाकर वहाँ के प्रबन्धन को उपर्युक्त दाल–चावल दिए।

☛ **ऊर्जा संरक्षण पर निबंध, स्लोगन व क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन :–** 15 फरवरी, 2017 को भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के विजिलेंस अधिकारी श्री एफ.आर. सिद्दीकी तथा विक्रय अधिकारी श्री उपेन्द्र सिंह ने सक्षम संरक्षण क्षमता महोत्सव के अन्तर्गत हमारे महाविद्यालय में आकर ऊर्जा संरक्षण पर निबंध, स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगितायें करायीं। श्री सिद्दीकी ने कहा कि ईंधन संरक्षण के लिए आप लोगों की भागीदारी आवश्यक है। श्री उपेन्द्र सिंह जी ने पेट्रोलियम उत्पाद तथा गैस बचाने के उपाय बताये।



निबन्ध प्रतियोगिता में बी.टी.सी. की प्रशिक्षु रेशू गुप्ता ने प्रथम, आकांक्षा सिंह ने द्वितीय तथा लविका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में बी.टी.सी. की प्रशिक्षु शिप्रा वार्ष्णेय ने प्रथम, केश लता ने द्वितीय तथा बी.एड. की छात्रा जया माहेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में बी. टी. सी. के प्रशिक्षु जितेन्द्र कुमार शील तथा बी.एड. के विद्यार्थी छाया सारस्वत, उपासना सिंह, साक्षी सारस्वत तथा नवनीत कुमार ने प्रतिभाग किया।

उपर्युक्त सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को एम्बेसडर बनकर ईंधन बचाव के कार्य करने चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय की साहित्यिक समिति ने किया।



Scanned by CamScanner

**☛ हैण्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन :–** 17 फरवरी, 2017 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत अंतर महाविद्यालयी हस्त लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय के 175, स्थानीय धर्म समाज महाविद्यालय के 11, श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के 09, टीकाराम कन्या महाविद्यालय के 17 तथा मदर टेरेसा विमेंस पी.जी. कॉलेज, ताला नगरी के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। उक्त सभी प्रतिभागी महाविद्यालय अलीगढ़ में ही स्थित हैं। मदर टेरेसा विमेंस पी. जी. कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. आराधना मिश्रा भी प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित रहीं।




निर्णायक मण्डल में डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. विवेक मिश्रा तथा डॉ. ललित उपाध्याय रहे। इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की छात्रा मेघाली गुप्ता ने प्रथम तथा कविता राजपूत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के छात्र सिराजुद्दीन तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

**☛ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में इंटेक माई सिटी माई हेरिटेज पर पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन :–** 22 फरवरी, 2017 को इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक) बृजभूमि क्षेत्रीय चैप्टर मथुरा–अलीगढ़ द्वारा माई सिटी माई हेरिटेज पर एक पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का शुभारम्भ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल अलीगढ़ में ए.एम.यू. फाइन आर्ट के ए.बी.के. स्कूल की प्राध्यापिका लक्ष्मी व प्रधानाचार्य श्री श्याम कुंतल ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चन्द्रशेखर ने किया।



ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य श्री श्याम कुंतल ने विद्यार्थियों से कहा कि कला जीवन कौशल सिखाती है जिससे जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इंटेक अलीगढ़ के सिटी समन्वयक डॉ. ललित उपाध्याय ने छात्रों को इंटेक के कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्रदेश व उसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जायेगा। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जायेगा। अलीगढ़ के मंगलायतन तीर्थधाम, शेखाझील, घण्टाघर, धार्मिक स्थल, किला आदि की पेंटिंग कर 34 विद्यार्थियों ने निबंध लिखा। छात्रा शीतल चौधरी ने एक पेंटिंग बनाकर अतिथियों को प्रतीक रूप में भेंट की। कार्यक्रय का संयोजन तथा मार्गदर्शन बृजभूमि क्षेत्रीय संयोजक श्री दीपक गोयल द्वारा किया गया।

'उड़ान कला श्री' से सम्मानित व अतिथि फाइन आर्टिस्ट श्रीमती लक्ष्मी ने कहा कि कलाकार को अपने हुनर को पहचानना होगा और मेहनत के साथ कला के माध्यम से पुरातत्व संरक्षण के लिए जन चेतना जाग्रत करनी होगी।

इंटेक व ज्ञान महाविद्यालय की सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने छात्र–छात्राओं द्वारा अलीगढ़ शहर के हेरिटेज को कागज पर कला के रूप में उकेरने पर बधाई दी। इस अवसर पर उप–प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा सिंह, कला शिक्षिका साजिया अशफाक़ का विशेष सहयोग रहा।

**☛ अनुसूचित जाति श्रमिक कार्यक्रम में सहभागिता :–** 07 मार्च, 2017 को ज्ञान महाविद्यालय परिसर स्थित कौशल विकास केन्द्र, ज्ञान आई.टी.आई. द्वारा राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा विकास बोर्ड गाजियाबाद के तत्वावधान में धनीपुर ब्लाक के ग्राम अलीनगर में दो दिवसीय अनुसूचित जाति श्रमिक कार्यक्रम के समापन पर श्रमिकों के लिए डॉक्यूमेंटेशन असिस्टेंट, रिटेल सेल्स व सीसीटीवी, इंस्टालेशन के पाठ्यक्रमों की जानकारी डॉ. ललित



उपाध्याय ने देते हुए कहा कि आधार कार्ड धारक हाई स्कूल पास युवा व युवती कौशन विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर पी.एम.के.वी. योजना के अन्तर्गत रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

गाजियाबाद से आये शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.एस. यादव ने श्रम कल्याण के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संदर्भ व्यक्ति नीलिमा पाठक, ज्ञान आई. टी. आई. में फिटर ट्रेड के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह, रामबाबू तथा स्थानीय युवक भानु सहित अली नगर की श्रमिक महिलाएं उपस्थित रहीं।

☛ **बी.एड. के विद्यार्थियों हेतु पाँच दिवसीय स्काउट–गाइड शिविर :–** हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत बी.एड. (सत्र 2016–18) के विद्यार्थियों के लिए पॉच दिवसीय स्काउड–गाइड शिविर का आयोजन 06 मार्च, 2017 से 10 मार्च, 2017 तक महाविद्यालय परिसर में किया गया। शिविर की औपचारिक शुरूआत अलीगढ़ के जिला संगठन अधिकारी श्री यतेन्द्र सक्सैना ने की। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड का महत्व बताया। इसके बाद स्काउट–गाइड की टोलियाँ बनाई गयी तथा विद्यार्थियों को स्काउट–गाइड के इतिहास और सीटी के संकेतों से अवगत कराया गया। बी.एड. विभाग के प्राध्यापक श्री लखमी चन्द्र तथा सुश्री भावना सारस्वत को स्काउट–गाइड शिविर का प्रभारी नियुक्त किया गया।

02 प्रथम तथा एस.पी. 01 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तम्बुओं के मूल्याँकन का कार्य महाविद्यालय के मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री राजेन्द्र पाल सिंह तथा बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी ने संयुक्त रूप से किया।

इसके बाद कैम्प फायर के अन्तर्गत संगीत प्रतियोगिता हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने विशेष रूप से देशभक्ति और होली के गीत गाये। इस प्रतियोगिता में जी.पी 02 ने प्रथम, जी.पी. 09 ने द्वितीय तथा जी.पी. 03 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में एस.पी. 01 प्रथम तथा एस.पी. 02 द्वितीय स्थान पर रहे। संगीत प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका का निर्वहन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी प्राध्यापिका डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय, बी.एड. विभाग की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी प्राध्यापिका सुश्री कविता चौधरी एवं प्राध्यापिका श्रीमती वर्धा शर्मा के संयुक्त दल ने किया। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने तम्बुओं के अवलोकन तथा संगीत कार्यक्रम का आनन्द लेने के बाद विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मिल जुल कर आपसी भेदभाव भुलाकर एकजुट होकर कार्य करने से जीवन की हर चुनौती का सामना आसानी से किया जा सकता है।

शिविर के चौथे दिन पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को






शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता द्वारा किए गए ध्वजारोहण से हुयी। इसके बाद स्काउट–गाइड प्रशिक्षक श्री यतेन्द्र सक्सैना ने विद्यार्थियों को स्काउटिंग के नीति नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धान्त, कैम्प फायर तथा पथ प्रदर्शक चिह्नों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों की टोलियों ने शिक्षाप्रद तथा प्रेरक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने प्रशिक्षक श्री यतेन्द्र सक्सैना के निर्देशन तथा शिविर प्रभारी श्री लखमी चन्द्र एवं सुश्री भावना सारस्वत के पर्यवेक्षण में तम्बुओं का निर्माण किया। तम्बू बनाने की प्रतियोगिता में छात्राओं की टोली जी.पी. 05 प्रथम, जी.पी. 06 द्वितीय, जी.पी. 03 तथा जी.पी. 10 तृतीय स्थान पर रही। इसी क्रम में छात्रों की टोली एस.पी.

विपरीत परिस्थितियों में कम से कम साधनों में भोजन पकाने का प्रशिक्षण देना था। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ईंटों के अस्थाई चूल्हे बनाकर भारतीय व्यंजन तैयार किये। पाक कला के निर्णायक मण्डल में बी.एड. की प्राध्यापिका श्रीमती पूनम माहेश्वरी, बी.टी.सी. की प्राध्यापिका श्रीमती शोभा सारस्वत तथा हिन्दी के प्राध्यापक डॉ. नरेन्द्र सिंह को रखा गया। निर्णायक मण्डल के अनुसार जी.पी. 10 ने प्रथम, जी. पी. 08 ने द्वितीय तथा जी.पी. 06 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में एस.पी. 01 प्रथम तथा एस.पी. 02 द्वितीय स्थान पर रहे।

कैम्प फायर के अन्तर्गत नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसमें जी.पी. 04 ने प्रथम, जी.पी. 09 ने द्वितीय स्थान



Scanned by CamScanner

तथा जी.पी. 02 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एस.पी. 02 प्रथम तथा एस.पी. 01 द्वितीय स्थान पर रहे। नृत्य प्रतियोगिता में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने विद्यार्थियों की पाक कला की सराहना करते हुए कहा कि रूचिपूर्ण भोजन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

शिविर के पाँचवे दिन 10 मार्च, 2017 को महाविद्यालय परिसर में बी.एड. सत्र 2016–18 के विद्यार्थियों के स्काउट–गाइड शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस समारोह में श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय, अलीगढ़ के प्राचार्य डॉ. गोपाल बाबू, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और इसी महाविद्यालय के एप्लाइड बिजनिस इकोनोमिक्स विभाग के अध्यक्ष डॉ. पंकज कुमार वार्ष्णेय तथा कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेश चन्द्र वार्ष्णेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्काउट–गाइड के मुख्य प्रशिक्षक श्री यतेन्द्र सक्सैना एवं उनके सहयोगी श्री कुलदीप सक्सैना के साथ हमारे महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री मनोज यादव, प्राचार्य तथा शिक्षकों ने भी उपस्थित रहकर समारोह को सफल बनाया।

मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने स्काउट–गाइड द्वारा लगाये गये विभिन्न शिविरों (टैंटो) का अवलोकन कर उनकी ग्रेडिंग की। इसके बाद का कार्यक्रम महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में हुआ। अतिथियों के स्वागत एवं अन्य प्रारंभिक औपचारिकताओं के बाद बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का परिचय दिया, तदुपरान्त महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बी.एड. के विद्यार्थी प्रिया सिंह, ऋतु सिंह, राखी वार्ष्णेय, पूनम पाठक, जया माहेश्वरी, नेहा माहेश्वरी, दीपिका शर्मा, पूनम लोधी, मेघाली गुप्ता, कविता कुमारी, कविता राजपूत, हर्षित गौतम, आरती उपाध्याय, मिसैल वार्ष्णेय, दीक्षा वार्ष्णेय, स्नेहलता गौतम, विमलेश, संयोगिता, हिमानी वार्ष्णेय, ममता, नीलम, सर्वेश, रेखा प्रथम, पूर्णिमा, गीता, रेखा द्वितीय, प्रिया गौतम, प्रतिका सिंह, नीलम पाठक, तनु गर्ग, रिया वार्ष्णेय, पूनम, डौली, पूजा माहौर, लता कुमारी आदि को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र दिये गये।

मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल बाबू ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्काउट का अर्थ सेवा करना है। सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहे महान व्यक्तियों के नाम से विद्यार्थियों ने जो शिविर लगाये उन व्यक्तियों के व्यक्तित्व तथा कृतित्व के बारे में भी विद्यार्थियों को पूरी जानकारी होनी चाहिए और उनके सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु उनका प्रचार–प्रसार करना चाहिए। सुश्री भावना सारस्वत ने कहा कि लड़कियों द्वारा लगाये गये शिविरों में जी.पी. 09 प्रथम, जी.पी. 07 द्वितीय तथा जी.पी. 10 तृतीय रहे। इसी क्रम में लड़कों द्वारा लगाये गये शिविरों में एस.पी. 02 प्रथम तथा एस.पी. 01 द्वितीय रहे। उपस्थित स्काउट–गाइड ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, इनमें होली गीतों की प्रमुखता रही। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने कहा कि सभी स्काउट–गाइड पाँच दिवसीय शिविर में सीखे गये कार्यों को अपने जीवन का अंग बनायें। उन्होंने मुख्य प्रशिक्षक श्री यतेन्द्र सक्सैना जी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. विभाग की प्राध्यापिका कु. कविता चौधरी ने किया। रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति संगीत की प्राध्यापिका डॉ. मुक्ता के निर्देशन में की गयी। कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित व्यक्तियों ने महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा आयोजित भोज का आनन्द लिया तथा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रकार बी.एड. की विभागाध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी के संयोजन में चले पाँच दिवसीय शिविर का समापन हुआ।

**☛ ज्ञान आई. टी. आई. में पी. एम. के. वी. वाई. के विद्यार्थियों को दाना–पानी पात्र बाँटे :–**
25 अप्रैल, 2017 को ज्ञान निजी आई.टी.आई. स्थित प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र के विद्यार्थियों को ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के सहयोग से दैनिक जागरण "परवरिश परिन्दों की" कार्यक्रम के अन्तर्गत दाना–पानी हेतु मिट्टी के पात्र वितरित किये गये। इन पात्रों को वे अपने घरों की छत पर रखेंगे। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बढ़ौली फतेह खाँ श्रीमती मिथलेश देवी व निदेशक डॉ. गौतम गोयल, निदेशिका श्रीमती रितिका गोयल ने दाना–पानी पात्र भेंटकर



पक्षियों के जीवन को बचाने का संकल्प दिलाया। अभियान का संचालन करते हुए ज्ञान महाविद्यालय एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने "संकल्प लें हम अभी, जीव–जन्तु बचें सभी"। नारे के साथ शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि श्रीमती मिथिलेश देवी ने कहा कि ग्रीष्म



Scanned by CamScanner

ऋतु में जल संकट के कारण पक्षियों के लिए दाना–पानी रखना पुण्य का काम है, इसमें जन सहभागिता जरूरी है। निदेशिका श्रीमती रितिका गोयल ने कहा कि दैनिक जागरण द्वारा चलाई गई परवरिश परिन्दों की मुहिम परोपकार सिखाती है, अतः हम सभी को बेजुबान जीव–जन्तुओं के संरक्षण हेतु सक्रिय प्रयास करने चाहिए।

ज्ञान आई. टी. आई. के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार वार्ष्णेय ने दैनिक जागरण के प्रयासों की सराहना करते हुए कौशल विकास के लिए सामाजिक कार्यक्रमों को भी अहम् बताया। इस अवसर पर डॉ. विवेक मिश्रा ने सामाजिक सरोकार के महत्व पर प्रकाश डाला। ज्ञान निजी आई. टी. आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### 3. अतिथि व्याख्यान

☛ **बी.एड. विभाग में अतिथि व्याख्यान :–** 23 जनवरी, 2017 को अलीगढ़ मुस्लिम वि.वि. के शिक्षा विभाग की प्रोफेसर नखत नसरीन ने हमारे महाविद्यालय में शिक्षण कौशल, सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीक पर व्याख्यान दिया। अतिथि व्याख्याता ने कक्षागत शिक्षण कौशलों के विकास में ICT की प्रभावशीलता का वर्णन वीडियो के सहयोग से किया। उन्होंने पुनर्बलन कौशल और प्रश्नीकरण कौशलों से संबंधित विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए। इस व्याख्यान में बी.एड. तथा बी.टी.सी. के विद्यार्थियों के साथ इन दोनों विभागों के प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता भी व्याख्यान के दौरान उपस्थित रहे। बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी ने अतिथि वक्ता का आभार व्यक्त किया तथा संयोजन बी.एड. विभाग की साहित्यिक समिति की प्रभारी सुश्री कविता चौधरी ने किया।

### 4. विभिन्न त्यौहार, दिवस, उत्सव एवं जयन्ती आदि का आयोजन

☛ **सहभोज कार्यक्रम :–** नववर्ष के स्वागत में दिनांक 02.01.2017 को महाविद्यालय की संतोष वाटिका में सहभोज तथा नृत्य–गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस



आयोजन में सभी संकायों के विद्यार्थी, प्राध्यापक, तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी छात्र–छात्राएँ एवं प्राध्यापक साथी घर से अलग–अलग व्यंजन बना कर लाये एवं सभी छात्र– छात्राओं एवं प्राध्यापक साथियों ने चेयरमेन श्री दीपक गोयल, प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता, उप प्राचार्य डा. हीरेश गोयल, तथा प्रबन्धक मनोज यादव के साथ अलग–अलग व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सहभोज कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छुआछूत को दूर कर आपसी सहयोग की भावना पैदा करना था।

चेयरमैन श्री दीपक गोयल ने सभी को नव वर्ष की बधाई दी। प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने सहभोज कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित उपाध्याय व ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने किया।

☛ **गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन :–** 26 जनवरी, 2016 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने प्राध्यापक, विद्यार्थी तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों की उपस्थिति में महाविद्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इसके बाद का कार्यक्रम सरस्वती भवन के स्वराज्य सभागार में हुआ।

डॉ. रत्न प्रकाश ने गणतंत्र दिवस के इतिहास एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. ललित उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में आजादी से अब तक हुए सकारात्मक परिवर्तनों के बारे में बताकर यह सिद्ध किया कि हमारा देश प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। बी.एड. विभाग की अध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी ने कहा कि मताधिकार सशक्तीकरण हेतु एक बड़ा हथियार है। उन्होंने गरीबी, निरक्षरता तथा रूढ़िवादिता को विकास के मार्ग में बड़ी बाधाएँ बताया। डॉ. विवेक मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता का इतिहास त्याग तथा बलिदान का इतिहास है। उन्होंने 'स्वच्छ भारत', 'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' तथा रोजगार शिक्षा पर जोर दिया। डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह ने स्वरचित देश भक्ति पूर्ण कविता सुनाई। मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री आर.पी. सिंह ने शहीदों को नमन करते हुए सभागार में उपस्थित सभी व्यक्तियों



से अपील की कि वे लोकतंत्र की परम्परा को मजबूत करने के लिए मतदान द्वारा योग्य, कर्मठ तथा ईमानदार व्यक्तियों का चुनाव करें। उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने देश भक्ति पूर्ण कविता सुनाई और उन्होंने विकास तथा ईमानदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम के बीच–बीच में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति पूर्ण रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अनेक विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अपने–अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये। अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में सभी वोटर मतदान अवश्य करें, इससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। प्राचार्य जी ने इस आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम के अन्त में सभी उपस्थित व्यक्तियों को मिष्ठान्न वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह तथा डॉ. (श्रीमती) बीना अग्रवाल ने किया। रंगारंग कार्यक्रमों का संयोजन बी.एड. विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय ने किया।

☛ **बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन :–** 1 फरवरी, 2017 को महाविद्यालय के स्वराज्य सभागार में बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया। बी.एड. की छात्रा सोनी चौधरी तथा जया माहेश्वरी ने सरस्वती वन्दना की; कविता राजपूत और जया माहेश्वरी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। बी.टी.सी. के छात्र ज्ञानेन्द्र कुमार और दीशु ने बसंत संबंधी गीत सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। प्राध्यापकों में से डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी, श्री राम किशन शर्मा, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. (श्रीमती) बीना अग्रवाल तथा डॉ. मुक्ता ने बसंत के महत्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन साहित्यिक समिति के प्रभारी डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

☛ **वार्षिकोत्सव का आयोजन :–** 13 फरवरी, 2017 को महाविद्यालय, के वार्षिकोत्सव का आयोजन महाविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास से किया गया। इस उत्सव में उत्तर प्रदेश स्व वित्त पोषित महाविद्यालय संघ के अध्यक्ष श्री विनय त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उ.प्र. स्व वित्त पोषित महाविद्यालय संघ के महामंत्री श्री मन मोहन चावला तथा इंजीनियर पंकज महलवार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्सव में शामिल हुए। अन्य विशिष्ट अतिथियों में यशस्वी सहयोग मण्डल के वेदमूर्ति पं. देव नारायण भारद्वाज, श्री कृष्ण पाल सक्सैना, श्री लटूरी सिंह तथा श्री दिनेश शर्मा ने भी उपस्थित रहकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। बी लिंग्वा के प्रशिक्षक श्री कैलाश उपाध्याय, श्री दीपक राना, सेवा योजन प्रकोष्ठ की सुश्री गार्गी उपाध्याय, सुश्री भावना भारद्वाज तथा श्री साहिल रजा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। महाविद्यालय प्रबंधन की अध्यक्षा श्रीमती आशा देवी, चेयरमैन श्री दीपक गोयल, कोषाध्यक्ष श्री असलूब अहमद, ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. (इं.) गौतम गोयल, श्रीमती रितिका गोयल तथा प्रबंधक श्री मनोज यादव ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया। दैनिक समाचार पत्र, अमर उजाला तथा हिन्दुस्तान के प्रतिनिधि भी उत्सव में उपस्थित थे। महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्ति तथा विद्यार्थियों ने उपस्थित रहकर उत्सव का आनन्द लिया। निकटवर्ती गाँव बढ़ौली फतेह खाँ की ग्राम प्रधान भी कार्यक्रम में उपस्थित थीं।

मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा गणमान्य व्यक्तियों ने ज्ञान की देवी सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। सभी अतिथियों के स्वागत की औपचारिकता के बाद डॉ. ललित उपाध्याय ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने महाविद्यालय की अब तक की प्रगति से सबको अवगत कराया। महाविद्यालय की ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख कर उपस्थित व्यक्तियों को यथाशक्ति सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ज्ञान पुष्प 2016–17 तथा चतुर्मासिक समाचार बुलेटिन ज्ञान दर्शन का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। 2016 में विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में विभिन्न कक्षाओं में सर्वाधिक अंक पाने वाले, महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक तथा साहित्यिक कार्यक्रमों में विशिष्ट स्थान पाने






Scanned by CamScanner

वाले, वर्तमान सत्र में कक्षाओं में अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले तथा नौकरी पाने वाले महाविद्यालय के विद्यार्थियों को उपस्थित अतिथियों तथा प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

इं. पंकज महलवार ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास के लिए उचित वातावरण है। उन्होंने विद्याथियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की तैयारी के लिए प्राध्यापक तथा विद्यार्थी कलाकारों की मेहनत की सराहना कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के बीच–बीच में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक, प्रेरणादायक तथा मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों में ढोली तारो ढोल बाजे (ग्रुप डांस), विभिन्न प्रदेशों का लोक नृत्य, राजस्थानी नृत्य (आयो रे म्हारो ढोलना), कठपुतली डांस (रंगीलो ऋतु आयो म्हारो सॉवरे), Robotic डांस (Solo) Mash up डांस, मोटी–वेसनल प्ले, प्रांतीय नृत्य, Whistle Song Solo आदि प्रस्तुत किये। इन कार्यक्रमों की सफल प्रस्तुति महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति की प्रभारी डॉ. मुक्ता वार्ष्णेय व उनके सहयोगियों के निर्देशन में की गयी।

मुख्य अतिथि श्री विनय त्रिवेदी ने कहा कि ज्ञान महाविद्यालय उ. प्र. के स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों में अद्वितीय है, उन्होंने प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों में छिपी हुयी प्रतिभाओं को उजागर करने में ज्ञान महाविद्यालय की अहं भूमिका है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अन्त में महाविद्यालय के चेयरमेन श्री दीपक गोयल ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने आगामी परीक्षा हेतु अच्छी तैयारी करने पर जोर देते हुए कहा कि कम से कम 90 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हों। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन हेतु बधाई दी। कार्यक्रम के बाद सभी उपस्थित व्यक्तियों ने ज्ञान परिवार द्वारा आयोजित भोज का आनन्द लिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका डॉ. (श्रीमती) ज्योति सिंह तथा सुश्री ऋत्विजा मित्तल ने किया।

☛ **'बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ' का महाविद्यालय की छात्राओं ने आगरा में दिया संदेश :–** 8 मार्च, 2017 को उ.प्र. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के तत्वावधान में आगरा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्व–विद्यालय के कुलपति निवास से खंदारी कैंपस तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ"



जागरूकता रैली का शुभारम्भ कुलपति डॉ. अरविन्द कुमार दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर किया।

उ.प्र. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के संरक्षक ज्ञान महाविद्यालय, अलीगढ़ के चेयरमेन श्री दीपक गोयल व महामंत्री, संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय के श्री मनमोहन चावला, शांति निकेतन कॉलेज के डॉ. अभिषेक गुप्ता, सूर्या कॉलेज के श्री संजीव अग्रवाल रैली में मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन ज्ञान महाविद्यालय, अलीगढ़ के डॉ. ललित उपाध्याय ने किया। हमारे कालिज की 100 छात्राओं तथा 20 प्राध्यापकों ने रैली में प्रतिभाग किया।

रैली का समापन विश्वविद्यालय के जे. पी. सभागार (खंदारी के कैंपस) में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अरविन्द कुमार दीक्षित कुलपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी सदैव पूजनीय है। उन्होंने "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" अभियान की सफलता में महिलाओं की अग्रणी भूमिका की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आमूल–चूल परिवर्तन शुरू हो चुके हैं। इस बदलाव की मुख्य प्रेरणा नारी शक्ति ही है। विवेकानन्द एजूकेशन कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आभा ने कहा कि आधी आबादी को संसद व विधानसभा में भी 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए ताकि महिलाएँ मुखर रूप से समाज में मुकाम हासिल कर सकें। संत रामकृष्ण कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुषमा सत्संगी ने कहा कि शिक्षा से बेटियाँ सअधिकार आगे बढ़ेंगी। ज्ञान महाविद्यालय के चेयरमैन श्री





Scanned by CamScanner

दीपक गोयल जी ने मिसाइल वूमेन टी थॉमस की चर्चा करते हुए कहा कि महिला शक्ति ने आकाश चीरकर इरादे दिखा दिए हैं। इस अवसर पर ज्ञान महाविद्यालय, अलीगढ व विवेकानन्द एजूकेशन कॉलेज, अलीगढ़ के साथ 6 से अधिक महाविद्यालयों के 600 से अधिक छात्राओं सहित महिला प्राध्यापिकाएँ व स्टाफ मौजूद रहे। छात्राओं ने गगन भेदी नारे भी लगाये।

**शहीद मंगल पाण्डे को श्रद्धांजलि :–** 8 अप्रैल, 2017 को हमारे महाविद्यालय में ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति व राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा उ.प्र. स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन के आह्वान पर अमर शहीद 1857 क्रान्ति के प्रणेता मंगल पाण्डे को उनकी 160 वीं पुण्य तिथि पर खेल मैदान में 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। प्राचार्य डॉ. वाई के गुप्ता ने मंगल पाण्डेय के शहीदी दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बलिदान को महान बताया।




एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने कहा कि 30 जनवरी 1831 को बलिया में नगवा गाँव में जन्मे शहीद मंगल पांडे ने प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई। 8 अप्रैल 1857 को बंगाल के बैरकपुर में शहीद हुए महानायक की आज 160 वीं पुण्य तिथि पर विद्यार्थी, प्राध्यापक तथा शिक्षणेत्तर वर्ग के व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।।

**परशुराम जयंती का आयोजन :–** 28 अप्रैल, 2017 को महाविद्यालय में परशुराम जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें बी.एड. तथा बी.टी.सी. के सभी छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शिक्षक शिक्षा विभाग के सभी प्राध्यापकगण आयोजन में उपस्थित रहे। बी.एड. विभाग के प्राध्यापक सर्वश्री लखमी चन्द्र तथा गिर्राज किशोर ने विद्यार्थियों को "भगवान परशुराम जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का वर्तमान जीवन में महत्व" पर प्रकाश डाला। बी.एड. की विभागाध्यक्षा डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी ने विद्यार्थियों को शिक्षकों के मानवीय गुणों से अवगत कराते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बी.एड. द्वितीय वर्ष (सत्र 2015–18) की छात्रा कविता राजपूत एवं छात्र विष्णु शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संयोजन बी.एड. विभाग की साहित्यिक समिति की प्रभारी कु. कविता चौधरी ने किया।

## 5. एन.एस.एस. एवं सामाजिक सरोकार समिति संबंधी कार्यक्रम

**एन.एस.एस. का सात दिवसीय विशेष शिविर :–** महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर का आयोजन 30 जनवरी, 2017 से 05 फरवरी, 2017 तक लोधा विकास खण्ड के गाँव–पड़ियावली में किया गया। शिविर के शुभारम्भ के समय प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने उपस्थित स्वेच्छासेवियों से कहा कि एन.एस.एस. युवाओं का प्राण है, इसलिए सामाजिक कार्य करने के लिए युवा आगे आयें। उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में इस शिविर की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, सभी स्वेच्छासेवी घर–घर जाकर मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करें। आज ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक करने में विवेकानन्द समूह के राधे गुप्ता, भगत सिंह समूह के दीपक कुमार तथा मोहित बघेल, चंद्र शेखर आजाद समूह के अमित यादव तथा टीकम सिंह, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम समूह के निखिल एवं कौशांभी, झाँसी की रानी लक्ष्मी वाई समूह की शिखा वार्ष्णेय और अंशु शर्मा तथा मदर टेरेसा समूह की मधु एवं राखी आदि स्वेच्छासेवियों ने विशेष प्रतिभाग किया।

शिविर के दूसरे दिन भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की परियोजना चाइल्ड लाइन की परियोजना समन्वयक नैंसीवर्गीस ने स्वेच्छासेवियों के साथ की गयी चर्चा में बाल अधिकार तथा जनचेतना पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाल अधिकार में शिक्षा का अधिकार, जीने का अधिकार तथा सुरक्षा का अधिकार भी शामिल हैं। चाइल्ड लाइन 1098 आपातकालीन सेवा है। प्राचार्य तथा उप प्राचार्य ने स्वेच्छासेवियों के साथ मानव अधिकार पर छोटे–छोटे समूहों में चर्चा की। स्वेच्छासेवियों ने देशभक्ति






Scanned by CamScanner

को बढ़ावा देने तथा शिक्षावृत्ति को रोकने जैसी समस्याओं पर लघु नाटिकाएँ तैयार कर उनका मंचन किया। शिविर के दूसरे दिन की गतिविधियों में मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री आर.पी. सिंह तथा प्राध्यापक श्री अमित कुमार एवं श्री नैपाल सिंह का भी योगदान रहा।

शिविर के तीसरे दिन बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया, इस आयोजन में प्रबन्धक श्री मनोज यादव तथा उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक महोदय ने कहा कि युवा पीढ़ी संस्कृति की वाहक है, उन्होंने जोर देकर कहा कि बड़ों के प्रति आदरभाव, सद्भाव, प्रेम तथा भाईचारा जैसे संस्कारों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। स्वेच्छासेवियों ने ग्रामीणों के सहयोग से गाँव के पंचायत घर, स्कूल तथा गलियों की सफाई की। शिविर में बेटी पढाओ, राष्ट्रीय एकता, महिला सशक्तीकरण, डिजिटल भुगतान, अनुशासन, शौचालय की उपयोगिता तथा शिक्षा पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दीपक, शमशाद, राधे गुप्ता, तृप्ति राजपूत, मधु, सपना, पूजा तथा राजकुमार ने प्रतिभाग किया। शिविर की आज की गतिविधियों में प्राध्यापक डॉ. विवेक मिश्रा तथा मोहम्मद वाहिद का विशेष योगदान रहा।

शिविर के चौथे दिन अविरल धारा के संस्थापक बैंक मैनेजर श्री अतुल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में आये। उन्होंने स्वेच्छासेवियों से कहा कि वे अपने हुनर को पहचानें तथा समाज सेवा हेतु आगे आयें। उन्होंने अनेक प्रेरक प्रसंग सुनाकर विभिन्न प्रकार के बैंक खातों के परिचालन तथा डिजिटल भुगतान के लाभों पर स्वेच्छासेवियों से चर्चा की। द्वितीय सत्र में मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री आर.पी. सिंह ने अनुशासन के महत्व पर चर्चा की तथा एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने इस शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। स्वेच्छासेवियों ने पंचायत घर तथा स्कूल आदि की सफाई ग्रामीणों के सहयोग से की। आज विभिन्न विषयों पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में राधे गुप्ता ने प्रथम तथा शमशाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में वीरेन्द्र सिंह ने प्रथम, टीकम सिंह ने द्वितीय तथा चिंकी तौमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में सरदार भगत सिंह समूह ने प्रथम, झाँसी की रानी समूह ने द्वितीय तथा चन्द्रशेखर आजाद समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आज हुयी शिविर की गतिविधियो में प्राध्यापकों में से डॉ. (श्रीमती) संध्या सेंगर, डॉ. (श्रीमती) ज्योति सिंह, डॉ. एच. एस. चौधरी, श्री वीरेन्द्र पाल सिंह, श्री प्रवीण कुमार तथा डॉ. संतोष कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

शिविर के पाँचवे दिन पर्यावरण विद् श्री सुबोध नन्दन शर्मा ने शिविर में आकर स्वेच्छासेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के मामले में यदि हम सभी अभी से नहीं चेते तो आज की चिन्ता कल (निकट भविष्य में) चिता का रूप ले लेगी। उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण हेतु युवाओं को आगे आने को कहा। आज प्राचार्य जी ने मतदाता जागरूकता रैली की अगुआई की। इस रैली में ग्रामीणों ने भी स्वेच्छा से भाग लिया। स्वेच्छासेवियों ने गाँव के विद्यालय में पौधारोपण का कार्य किया। उड़ान टीम की परियोजना समन्वयक नैंसी वर्गीस ने ग्रामीणों को बाल अधिकारों से अवगत कराया। स्वेच्छासेवी चन्द्रेश शर्मा, रजत शर्मा तथा वैभव शर्मा ने डिजिटल भुगतान तथा बेटी बचाओ आदि विषयों पर शिविर भवन की दीवारों पर पेंटिंग की। आज के कार्यक्रमों में प्राध्यापकों में से डॉ. हीरेश गोयल, डॉ. (श्रीमती) ज्योति सिंह, डॉ. विवेक मिश्रा, श्री नेपाल सिंह तथा डॉ. रत्न प्रकाश उपस्थित रहे। चाइल्ड लाइन से नदीम, नीलम सैनी तथा बॉबी रिहान ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

शिविर के छठवें दिन उड़ान सोसाइटी के अध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र मिश्र ने शिविर में आकर स्वेच्छासेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय के साथ–साथ देश में बदलाव आ रहा है, सामाजिक कार्यों में युवाओं को अग्रणी भूमिका निभानी है। उद्यमी व मिशन टू नेशन के श्री प्रमोद शर्मा ने स्वेच्छासेवियों से अपील की कि वे मतदान अवश्य करें। पड़ियावली गाँव के लोगों को मतदान हेतु जागरूक करने के लिए स्वेच्छासेवियों ने नुक्कड़ नाटक किया। आज के






Scanned by CamScanner

कार्यक्रमों में प्राचार्य, उप प्राचार्य, डॉ. (श्रीमती) ज्योति सिंह, डॉ. (श्रीमती) सुहैल अनवर, श्रीमती अमरीन सिद्दीकी तथा डॉ. विवेक मिश्रा उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान श्री यतेन्द्र पाल सिंह भी आज के कार्यक्रमों हेतु शिविर में उपस्थित रहे।।

शिविर के सातवें व अन्तिम दिन शिविर स्थल (डॉ. अम्बेडकर सामुदायिक भवन, पड़ियावली) पर ग्राम प्रधान श्री यतेन्द्र पाल सिंह आये। उन्होंने शिविर के दौरान स्वेच्छासेवियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। महाविद्यालय के चेयरमेन श्री दीपक गोयल ने स्वेच्छासेवियों से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में उचित भूमिका का निर्वहन करें। ज्ञान आई.टी.आई. के निदेशक डॉ. गौतम गोयल ने स्वेच्छासेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर हुनरमंद बनें तथा रोजगार प्राप्त कर आत्म निर्भर बनें। प्राचार्य जी ने युवाओं द्वारा शिविर के दौरान किए गये कार्यों की सराहना की। आज के शिविर समापन कार्यक्रम में मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री आर.पी. सिंह, डॉ. (श्रीमती) सुहैल अनवर, श्रीमती अमरीन सिद्दीकी, डॉ. विवेक मिश्रा तथा डॉ. (श्रीमती) बीना अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। इस प्रकार एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय के संयोजन में पिछले सात दिन से चल रहे विशेष शिविर का समापन हुआ।

☛ **मतदाता जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम :–** 24 जनवरी, 2017 को मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत हमारे महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के खेल के मैदान में मानव श्रृंखला बनाकर आगामी फरवरी में होने वाले विधान सभा चुनाव में मतदान करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता ने शपथ दिलाई। सभी संकायों के प्राध्यापकों ने भी इस आयोजन में प्रतिभाग किया। मण्डलायुक्त अलीगढ़ के निर्देशानुसार आगामी मतदाता दिवस पर सासनी गेट से



मंदिर नगला तक मतदाता जागरूकता हेतु हमारे विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाई जायेगी। इस कार्यक्रम का संयोजन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

☛ **विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई :–** 25 जनवरी, 2017 को हमारे महाविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थी एवं सहयोगी संस्थान ज्ञान आई. टी. आई. के विद्यार्थियों ने सासनी गेट से मंदिर नगला तक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदान हेतु लोगों को जागरूक किया। लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों ने रैली के दौरान मतदान सम्बन्धी नारे लगाये। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने वोट डालने की शपथ ली। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई. के. गुप्ता, उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल तथा प्राध्यापकों में से डॉ. आर. के.



कुशवाहा, श्री राम किशन शर्मा, डॉ. (श्रीमती) आभा कृष्ण जौहरी, डॉ. वी.के. वर्मा, डॉ. एच.एस. चौधरी, डॉ. विवेक मिश्रा तथा मुख्य अनुशासन अधिकारी श्री आर.पी. सिंह ने भी रैली में प्रतिभाग किया। अलीगढ़ के मण्डलायुक्त तथा जिलाधिकारी ने हमारे महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय को मतदाता जागरूकता अभियान में सराहनीय काम करने के उपलक्ष्य में मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

ए.एम.यू. के एन.एस.एस. समन्वयक प्रोफेसर यासीन ने उपस्थित रहकर रैली में भाग लेने वालों का मनोबल बढ़ाया।

☛ **एन.एस.एस. के एक दिवसीय चतुर्थ शिविर का आयोजन :–** 16 फरवरी, 2017 को अलीगढ़ जिले के लोधा विकास खण्ड के पड़ियावली गाँव में महाविद्यालय की





Scanned by CamScanner

एन.एस.एस. इकाई ने एक दिवसीय चतुर्थ शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.के. गुप्ता ने स्वेच्छासेवियों से कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उप प्राचार्य डॉ. हीरेश गोयल ने स्वेच्छासेवियों से कहा कि सभी लोग अपने सामाजिक जीवन में भी सेवा कार्य करें। स्वेच्छासेवियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गाँव की सफाई की तथा "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" रैली निकाली। शिविर का संचालन एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय ने किया।

☛ **एन.एस.एस. के स्वेच्छासेवियों ने "परवरिश परिंदों की" कार्यक्रम में प्रतिभाग कर सहयोग का लिया संकल्प :–** 13 अप्रैल 2017, को माहेश्वरी क्रिएटिव क्लब के सहयोग से दैनिक जागरण के अभियान "परवरिश परिंदों की" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एन.एस.एस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललित उपाध्याय सहित स्वेच्छासेवियों ने स्थानीय जवाहर उद्यान में दाना पानी कार्यक्रम के शुभारम्भ में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नगर विधायक श्री संजीव राजा, कोल विधायक श्री अनिल पाराशर, मेयर श्रीमती शकुंतला भारती, दैनिक जागरण के यूनिट मैनेजर श्री अजय तौमर, संपादक श्री नवीन पटेल, गीतकार जॉनी फास्टर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सम्बन्धित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार श्री राज नारायण सिंह ने किया।




सूखी धरती करे पुकार।
वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार।।

एक रक्तदान।
बचाए चार जान।।






Scanned by CamScanner